हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 30 मई 2026


तापमान
अधिकतम 34 .9 डिग्री
न्यूनतम 23 .4 डिग्री


11 पीजीआई में रोज 500 लोगों को दी जाएगी सीपीआर की...





12 एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर 100% ब्याज माफ




## शहर में आज

- ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का डीसी ऑफिस के बाहर धरना सुबह 10 बजे
- रोडवेज कर्मचारियों की बैठक कर्मचारी भवन में सुबह 11 बजे

# शहर ही नहीं, मारुति, कोका कोला और अमूल में भी पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में लगातार गहराते पेयजल संकट का असर अब इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) तक पहुंच गया है। हालात यह हैं कि शहर और आसपास के क्षेत्रों को पेय पदार्थ उपलब्ध कराने वाले बड़े उद्योग भी अब खुद पानी के लिए जूझ रहे हैं। आईएमटी स्थित मारुति उद्योग, कोका कोला और अमूल, जैसी प्रमुख कंपनियों समेत कई औद्योगिक इकाइयों में पानी की भारी कमी बनी हुई है।

उद्योगपतियों का कहना है कि नियमित जलापूर्ति बाधित होने से उत्पादन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। कई इकाइयों को मजबूरी में टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जबकि कुछ उद्योगों ने अस्थायी राहत के लिए निजी ट्यूबवेलों का सहारा लिया है। इसके बावजूद जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा। पानी की कमी के कारण मशीनों के संचालन, कूलिंग सिस्टम और साफ-सफाई जैसी दैनिक औद्योगिक प्रक्रियाओं पर भी असर पड़ने लगा है। इसी समस्या को लेकर शुक्रवार को उद्योगपतियों ने एचएसआईडीसी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों से जल्द स्थायी समाधान की मांग उठाई।

### ट्यूबवेलों से चला रहे काम

*आईएमटी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति के लिए करीब 6 लाख किलोलीटर क्षमता के छह बड़े वाटर टैंक बनाए गए हैं, लेकिन पिछले पांच से छह दिनों से इन टैंकों में पानी नहीं पहुंच रहा। पानी की कमी का सीधा असर औद्योगिक गतिविधियों पर पड़ रहा है। दूध उत्पादों की सप्लाई करने वाली अमूल कंपनी के टैंकर अब ट्यूबवेलों से पानी भरकर काम चला रहे हैं। इसके अलावा कई अन्य उद्योग भी वैकल्पिक इंतजाम करने को मजबूर हैं।*

- 6 लाख किलोलीटर के सभी 6 वाटर टैंक पड़े हैं खाली
- 50% उद्योग प्रभावित जेएलएन फीडर में कम पानी बना वजह



### 50 प्रतिशत उद्योगों में उत्पादन प्रभावित

*उद्योगपतियों का दावा है कि पानी की गंभीर कमी के चलते आईएमटी की करीब 50 प्रतिशत औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन आंशिक या पूरी तरह प्रभावित हुआ है। उद्योगों को मशीनों के संचालन, सफाई, कूलिंग और अन्य प्रक्रियाओं के लिए नियमित पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन मौजूदा हालात में उत्पादन बनाए रखना चुनौती बन गया है।*

### उद्योगपतियों ने एचएसआईडीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को उद्योगपतियों ने एचएसआईडीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि लगातार शिकायतों और बैठकों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। उनका कहना है कि यदि जल्द पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो औद्योगिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो सकती हैं।

### जेएलएन में आ रहा 1300 क्यूसेक पानी

आईएमटी क्षेत्र में पानी की सप्लाई मुख्य रूप से जेएलएन फीडर और भालौठ सब ब्रांच के माध्यम से होती है। फिलहाल जेएलएन फीडर में मात्र 1300 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पानी का बहाव कम होने के कारण आईएमटी के वाटर टैंकों तक पर्याप्त सप्लाई नहीं पहुंच पा रही। इसका असर अब सीधे उद्योगों पर दिखाई देने लगा है।

### चंडीगढ़ बैठक भी बेनतीजा

आईएमटी एसोसिएशन के प्रधान जोगेंद्र नांदल ने बताया कि समस्या को लेकर पिछले दिनों चंडीगढ़ में सिंचाई



विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उद्योगपतियों की बैठक हुई थी। बैठक में पानी संकट पर चर्चा जरूर हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया। उन्होंने कहा कि मजबूरी में अब उद्योगों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है, जिससे उत्पादन लागत भी बढ़ रही है। उद्योगपतियों ने प्रशासन और सिंचाई विभाग से जल्द स्थायी समाधान निकालने की मांग की है, ताकि उद्योगों का संचालन सामान्य हो सके और रोजगार पर संकट न आए।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**रोहतक।** एमडीयू ने जनवरी-2026 में हुई विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि मास्टर ऑफ आर्ट्स (अंग्रेजी) सीडीओई प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) फुल तथा मास्टर ऑफ कॉमर्स (जनरल) सीडीओई प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) फुल कोर्स के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा परिणाम यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।

### एमडीयू शैक्षणिक परिषद के सदस्य बने डॉ. जयपाल

**रोहतक।** एमडीयू के कुलपति प्रो मिलाप पूनियां ने एमडीयू एक्ट के



स्टैच्यूट-13 के प्रावधानों के तहत गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक के प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा को शैक्षणिक परिषद सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो संदीप बंसल ने बताया कि बतौर डॉ. जयपाल शर्मा की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी व 30 जून 2026 यानी सेवानिवृत्ति तिथि तक प्रभावी रहेगी।

### एमडीयू: डॉ. सीमा कॉमर्स विभाग की नई अध्यक्ष

**रोहतक।** एमडीयू के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्यूट-21 के प्रावधानों के तहत कॉमर्स विभाग की एसोसिएट



प्रोफेसर डॉ. सीमा राठी को विभागाध्यक्ष नियुक्त किया है। वह एक जून 2026 से आगामी आदेशों तक वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगी। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल यह जानकारी देते हुए बताया कि डॉ. सीमा राठी को विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी के साथ-साथ विभाग के जन सूचना अधिकारी का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा गया है।

## शर्मनाक: शहर की नेहरू कॉलोनी में दिल दहला देने वाली वारदात

# गला घोंटकर पत्नी की हत्या कर पति प्रेमिका संग फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की नेहरू कॉलोनी में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक महिला का शव उसके ही घर में संदिग्ध हालात में मिला। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि महिला की हत्या के बाद उसके दो मासूम बच्चे पूरी रात मां की लाश के पास ही कमरे में बैठे रहे। सुबह जब महिला की मां बेटी से मिलने पहुंची तो कमरे का मंजर देखकर उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस और एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान करीब 34 वर्षीय चिंकी पत्नी गोविंद निवासी नेहरू कॉलोनी के रूप में हुई है। आरोप है कि चिंकी के पति गोविंद और उसकी प्रेमिका पूजा ने मिलकर रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की और फिर मौके से फरार हो गए।

परिजनों के मुताबिक, गुरुवार रात गोविंद की प्रेमिका पूजा घर आई हुई थी। चिंकी को लंबे समय से पति और पूजा के बीच अवैध संबंधों का शक था। इसी बात को लेकर घर में विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि झगड़ा इतना बढ़ गया कि गोविंद और पूजा ने मिलकर चिंकी का गला रस्सी से घोंट दिया। बताया जा रहा है कि हत्या के बाद दोनों ने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई, लेकिन सफल नहीं हो सके। इसके बाद दोनों घर से फरार हो गए और महिला का शव कमरे में ही पड़ा रहा।

### रातभर मां की लाश के पास बैठे रहे मासूम





### मां रातभर करती रही कॉल

मृतका की मां कमलेश ने बताया कि वह रातभर बेटी को फोन करती रही, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। सुबह जब वह बेटी के घर पहुंची तो चिंकी मृत अवस्था में पड़ी मिली। कमरे में दोनों बच्चे सहमे हुए बैठे थे। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

### दूसरी महिला से भी कर रखी थी शादी

कमलेश ने आरोप लगाया कि गोविंद ने दूसरी महिला से भी शादी कर रखी थी। उन्होंने कहा कि दोनों रात को घर आए थे और हत्या कर फरार हो गए। उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### दो मासूमों के सिर से उठा मां का साया

वारदात के समय घर में मौजूद दोनों बच्चे अब गहरे सदमे में हैं। मां की मौत और पिता के फरार होने के बाद दोनों बच्चों की हालत बेहद खराब बताई जा रही है। पुलिस ने फिलहाल बच्चों को उनकी नानी कमलेश की सुपुर्दगी में दे दिया है।

### जांच में जुटी पुलिस



घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। जांच अधिकारी एसआई सत्यदेव ने बताया कि महिला का शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मृतका के मायके पक्ष की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी पति और उसकी प्रेमिका की तलाश जारी है।

# बिजली कटों की जानकारी सीधे आपके व्हाट्सएप पर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गर्मी में बिजली जाते ही लोग सबसे पहले मोबाइल उठाकर बिजली निगम के नंबर मिलाने लगते हैं। कई बार फोन व्यस्त मिलता है तो कई बार सही जानकारी नहीं मिल पाती। ऐसे में उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ जाती है। अब बिजली निगम ने इस समस्या का डिजिटल समाधान निकाल लिया है। जल्द ही हर उपभोक्ता को बिजली कट और सप्लाई बहाली की सूचना सीधे उसके व्हाट्सएप पर मिलेगी। बिजली निगम की टीम प्रत्येक उपभोक्ता के मोबाइल नंबर पर एक विशेष व्हाट्सएप लिंक भेजेगी।

उपभोक्ता जैसे ही उस लिंक को ज्वाइन करेंगे, उन्हें उनके क्षेत्र में होने वाले बिजली कट, शटडाउन, लाइन फॉल्ट और सप्लाई बहाली की जानकारी तुरंत मिलने लगेगी। इससे लोगों को शिकायत दर्ज कराने या बिजली घर के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। निगम अधिकारियों के अनुसार यह नई विधा उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी सेवा देने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है। कई बार तकनीकी खराबी, मेंटेनेंस या लाइन सुधार कार्य के कारण बिजली बंद करनी पड़ती है, लेकिन इसकी जानकारी न मिलने से लोग परेशान हो जाते हैं। अब व्हाट्सएप अलर्ट से उपभोक्ताओं को पहले से ही सूचित किया जाएगा कि बिजली कब और कितनी देर के लिए बंद रहेगी।









### सप्लाई बहाल होने का समय भी पता चलेगा

इस व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उपभोक्ताओं को बिजली कट की वजह और सप्लाई बहाल होने का अनुमानित समय भी पता चल सकेगा। खासतौर पर गर्मी के मौसम में यह सुविधा काफी राहत देने वाली साबित होगी। जिन क्षेत्रों में लंबे समय तक शटडाउन रहेगा, वहां पहले से सूचना भेजी जाएगी ताकि लोग अपने जरूरी काम समय रहते निपटा सकें।

### शिकायतों की संख्या में आएगी कमी

निगम का मानना है कि इस पहल से शिकायतों की संख्या में भी कमी आएगी। अभी बड़ी संख्या में लोग बिजली कट की जानकारी लेने के लिए कॉल सेंटर और शिकायत नंबरों पर संपर्क करते हैं। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अधिकांश जानकारी सीधे व्हाट्सएप पर उपलब्ध होगी, जिससे निगम का कार्यभार भी कम होगा और उपभोक्ताओं को त्वरित जानकारी मिल सकेगी। बिजली निगम के अधिकारियों ने बताया कि योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। इसके लिए उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपडेट किए जा रहे हैं। जिन उपभोक्ताओं के नंबर रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हैं या बदल चुके हैं, उन्हें अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में नंबर अपडेट करवाने की सलाह दी गई है।

सिटी पल्स

### काफी राहत मिलेगी



गर्मियों में बिजली कट लगते ही सबसे बड़ी परेशानी सही जानकारी न मिलने की होती है। कई बार घंटों तक पता नहीं चलता कि बिजली कब आएगी। अब यह सेवा शुरू होने से व्हाट्सएप पर सीधे सूचना मिलने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। -पंकज धीमान

### बेहद उपयोगी सेवा



बिजली कट की सूचना समय पर नहीं मिलने से घर और बच्चों के काम प्रभावित होते हैं। लोग परेशान होकर निगम कार्यालय तक पहुंच जाते हैं। व्हाट्सएप अलर्ट सेवा से पता चल सकेगा बिजली क्यों गई है और कब आएगी। यह सुविधा गर्मी में बेहद उपयोगी होगी। -अजय शर्मा

## 26 साल पुराने मामले में बड़ा फैसला

# चालक के पीछे बैठा व्यक्ति ओवरटेकिंग का दोषी नहीं

- पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने बदला एमएसीटी का फैसला पलटा, कहा- पिलियन राइडर वाहन नियंत्रण के लिए जिम्मेदार नहीं
- एमएसीटी के दिए था 'नो फॉल्ट लाइबिलिटी' के तहत 50 हजार रुपये देने का आदेश। हाईकोर्ट ने 12 .92 लाख रुपये किया मुआवजा

**रोहतक।** पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने 26 वर्ष पुराने सड़क हादसे में अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि दोपहिया वाहन पर पीछे बैठा व्यक्ति चालक की ओवरटेकिंग या वाहन नियंत्रण के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें हादसे में मारे गए पिलियन राइडर को भी दुर्घटना का दोषी माना गया था। जस्टिस अमरिंदर सिंह ग्रेवाल ने कहा कि यदि स्कूटर चालक ने लापरवाही की भी हो, तो उसकी जिम्मेदारी स्वतः पीछे बैठे व्यक्ति पर नहीं डाली जा सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है, जिससे यह साबित हो कि मृतक जय कंवर ने दुर्घटना में किसी प्रकार का योगदान दिया था।

मामला 10 जुलाई 2000 का है। रोहतक निवासी जय कंवर अपने परिचित मनोज कुमार के स्कूटर पर असन गांव जा रहे थे। रास्ते में आगे चल रही जीप के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। टक्कर से बचने के लिए स्कूटर चालक मनोज ने ओवरटेक करने की कोशिश की, तभी सामने से तेज रफ्तार टाटा सूमो ने स्कूटर को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल जय कंवर की 20 दिन बाद मौत हो गई थी। एमएसीटी ने पहले दावा खारिज करते हुए केवल 'नो फॉल्ट लाइबिलिटी' के तहत 50 हजार रुपये देने का आदेश दिया था। मृतक परिवार ने हाई कोर्ट में चुनौती दी। अदालत को बताया गया कि जय कंवर हरियाणा विद्युत बोर्ड में कैशियर-कम-क्लर्क थे और पत्नी व दो नाबालिग बेटों का सहारा थे। हाई कोर्ट ने मृतक की आय, उम्र और आश्रितों को ध्यान में रखते हुए मुआवजा बढ़ाकर 12.92 लाख रुपये कर दिया और संबंधित पक्षों को भुगतान का निर्देश दिया है।




## खबर संक्षेप



### वैदिक विश्वसभा का 'युवा बचाओ अभियान' प्रगति पर

**रोहतक।** वैदिक विश्वसभा द्वारा चलाया जा रहा "युवा बचाओ अभियान" लगातार आगे बढ़ रहा है। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में संपर्क अभियान के तहत आज सभा के शिष्टमंडल ने वैश्य शिक्षण संस्थानों तथा श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय का दौरा किया। वैश्य शिक्षण संस्थानों में प्राचार्य फूल सिंह तथा श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में प्राचार्य अनिल तनेजा ने शिष्टमंडल का स्वागत किया। प्राचार्यों को ज्ञापन के साथ स्वदेशी शिक्षा संबंधी पुस्तिका भी भेंट की गई। सभा के संरक्षक प्रो. महावीर धीर शास्त्री, प्रधान डॉ. अनिल कुमार और महासचिव डॉ. बलवीर सिंह भी मौजूद रहे।

### घर से निकले व्यक्ति का नहीं लगा सुराग

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के जौहरी नगर में रहने वाला एक व्यक्ति 26 मई को उनके घर से गया था। लेकिन घर नहीं लौटा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का अभियोग दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। जयवंती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 मई को उनके पति हलूलाल बिना बताए घर से कहीं चला गया। काफी तलाश करने के बावजूद उसका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

## 10 करोड़ से सिविल अस्पताल का नवीनीकरण करा रही सरकार

# स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती, महिला क्लीनिक और अमृत फार्मेसी की सौगात

**इन योजनाओं से जिले के मरीजों, विशेषकर महिलाओं को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी**





**रोहतक।** जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में महिला क्लीनिक का उद्घाटन और अमृत फार्मेसी का शिलान्यास करते सहकारिता, निर्वाचन, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद आशा कार्यकर्ता। **फोटो : हरिभूमि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रदेश सरकार ने रोहतक जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला से स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा अभियान के तहत 100 करोड़ रुपये से अधिक की 9 स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें रोहतक नागरिक अस्पताल में "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" महिला क्लीनिक की शुरुआत तथा अमृत फार्मेसी स्टोर का शिलान्यास प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन योजनाओं से जिले के मरीजों, विशेषकर महिलाओं को बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। शुक्रवार को विकास भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के सहकारिता, निर्वाचन, कारागार, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में उन्होंने महिला क्लीनिक का उद्घाटन और अमृत फार्मेसी का शिलान्यास किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई।

### महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता

डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए शुरू किए गए "स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार" क्लीनिकों में महिलाओं को परामर्श, जांच और उपचार की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 23 जिला अस्पतालों में ऐसे क्लीनिक शुरू किए जा रहे हैं। साथ ही हृदय रोगियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए टेली-ईसीजी सेवा भी आरंभ की गई है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह तुरंत मिल सकेगी।

### 4600 आशा कार्यकर्ताओं को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देंगे

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आम लोगों को सस्ती दरों पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए प्रदेशभर में अमृत फार्मेसी शुरू की जा रही हैं। रोहतक नागरिक अस्पताल में बनने वाली अमृत फार्मेसी में मरीजों को आवश्यक दवाइयां 90 प्रतिशत तक की छूट पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में रोहतक जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हुआ है। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से नागरिक अस्पताल का व्यापक नवीनीकरण कार्य भी जारी है। इसके अलावा प्रदेशभर में 4600 आशा कार्यकर्ताओं को आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें रोहतक की आशा कार्यकर्ता भी शामिल होंगी। कार्यक्रम में सचिन गुप्ता ने मुख्य अतिथि को शॉल और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, चिकित्सक और आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भालौठ ब्रांच को पक्का करने के विरोध में धरने पर बैठी खाप

## रिठाल में दो सप्ताह से विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भालौठ सब ब्रांच नहर के बेड को लोहे और सीमेंट कंक्रीट से पक्का करने के विरोध में चल रहा आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। पिछले 14 दिनों से काहनी और रिठाल गांव के लोग धरने पर डटे हुए हैं, वहीं अब बोहर गांव के लोगों ने भी नहर किनारे धरना शुरू कर दिया है। आंदोलन में सोनीपत जिले के ग्रामीण भी पहुंचकर समर्थन दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नहर का बेड पक्का किया गया तो आसपास के गांवों में भूजल रिचार्ज रुक जाएगा और पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

धरना स्थल पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए। इस दौरान ओमप्रकाश नांदल, अजयपाल नांदल, दया सिंह सैनी, पंडित नारायण, जयप्रकाश नांदल, संजय, महावीर और बालकिशन समेत अनेक लोगों ने सरकार और सिंचाई विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि नहर के दोनों ओर लगाए गए ट्यूबवेलों से हजारों लोग पीने का पानी ले रहे हैं। नहर में रिसाव होने से भूजल स्तर बना रहता है, लेकिन यदि नहर का तल पूरी तरह पक्का कर दिया गया तो जमीन में पानी का रिसाव बंद हो जाएगा। इससे आने वाले समय में गांवों में जल संकट और अधिक गहरा सकता है। ओमप्रकाश नांदल ने कहा कि यह लड़ाई केवल नहर की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के पानी को बचाने की है। सरकार को ग्रामीणों की चिंता समझनी चाहिए। अजयपाल नांदल ने कहा कि यदि विभाग ने जबरन नहर को पक्का करने का प्रयास किया तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। दया सिंह सैनी का कहना है कि गांवों में पहले ही भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। ऐसे में नहर का प्राकृतिक रिचार्ज बंद करना नुकसानदायक साबित होगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार इस योजना को वापस नहीं लेती, तब तक धरना और विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

### ट्रक चालक से मोबाइल लूटा, चार युवकों पर आरोप

**सांपला।** क्षेत्र में देर रात ट्रक चालक से मोबाइल फोन छीनने की घटना सामने आई है। वारदात कुलताना-बेरी रोड पर 334बी पुल के नीचे हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार संदीप नामक चालक ट्रक लेकर जोधपुर से सोनीपत की तरफ जा रहा था। रास्ते में देर रात करीब साढ़े तीन बजे मोटरसाइकिल पर सवार चार युवकों ने उसे रुकने का इशारा किया। चालक द्वारा ट्रक रोकते ही आरोपियों ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद चालक ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में छानबीन शुरू की। फिलहाल पुलिस आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी हुई है।

# समचाना में अधूरी पाइप लाइन बनी परेशानी, पानी को तरस रहे लोग

## गांव के कई मोहल्लों में नियमित पानी सप्लाई नहीं पहुंच रही

■ ग्रामीणों ने घटिया सामग्री इस्तेमाल करने के लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला





**सांपला।** समचाना गांव में जलघर के पास खड़े ग्रामीण व निर्माण सामग्री की ओर इशारा करते लोग। **फोटो : हरिभूमि**

गांव समचाना में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए शुरू किया गया कार्य अब ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनता जा रहा है। करीब तीन साल पहले शुरू हुआ जलघर और पेयजल पाइप लाइन से जुड़ा प्रोजेक्ट आज तक पूरा नहीं हो पाया। अधूरे कार्य के चलते गांव के कई मोहल्लों में नियमित पानी सप्लाई नहीं पहुंच रही, जिससे लोगों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ग्रामीण सतनारायण, सोनू, संदीप कौशिक, ओमप्रकाश, रवींद्र कटारिया और पंचायत सदस्य शिव कुमार ने बताया कि विभाग ने गांव में पेयजल व्यवस्था सुधारने के लिए पाइप लाइन डालने और जलघर के पानी को फिल्टर करने का काम शुरू कराया था। शुरुआती दौर में कुछ काम हुआ, लेकिन बाद में ठेकेदार अचानक काम अधूरा छोड़कर चला गया। इसके बाद से परियोजना बीच में ही अटकी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाए गए। जेई से लेकर एसडीओ, एक्सईएन और उपायुक्त कार्यालय तक शिकायतें पहुंचीं, लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने सीएम विंडो का सहारा लिया, तब जाकर विभाग ने दोबारा काम शुरू करने की हलचल दिखाई।

हालांकि अब निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जलघर के फिल्ट्रेशन कार्य के लिए जो बजरी लाई गई है, उसमें काफी मात्रा में बालू-मिट्टी मिली हुई है। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की निगरानी के अभाव में काम में लापरवाही बरती जा रही है।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कार्य को सही तरीके से पूरा नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांव में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए अधूरी परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाए।

### अधिकारी बोले, जल्द लगाया जाएगा नया टेंडर

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ अनिल रोहिला ने बताया कि पुराने ठेकेदार द्वारा काम अधूरा छोड़ने की वजह से समस्या बनी हुई है। विभाग अब जल्द नया टेंडर जारी करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्ट्रेशन में उपयोग होने वाली सामग्री को प्रक्रिया के तहत साफ किया जाता है, इसलिए ग्रामीणों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। विभाग जल्द ही पेयजल व्यवस्था को सुचारु करने का प्रयास करेगा।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग तेज, गो सम्मान अभियान पर हुई चर्चा

■ वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष महत्व है और सदियों से इसे पूजनीय माना जाता रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गो सम्मान आवाहन अभियान के तहत राष्ट्रीय गोरक्षक संघ हरियाणा की एक महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली बाईपास स्थित लावारिश पीड़ित पशु सेवा संघ में आयोजित की गई। बैठक में गो संरक्षण, गो सेवा और गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय गोरक्षक संघ हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रजनेश जगदीश मालिक, स्वामी रामतीर्थ, रविन्द्र उर्फ सोनी बुधवार, अनूप कौशिक, प्रदेश संरक्षक योगेश कौशिक तथा पहरावर सहित अनेक गो सेवक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष महत्व है और सदियों से इसे पूजनीय माना जाता रहा है। बैठक के दौरान प्रदेशभर में गो सम्मान आवाहन अभियान को और अधिक मजबूत करने का निर्णय लिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि गोशालाओं को सहयोग देने, लावारिश पशुओं की देखभाल करने तथा समाज में गो सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी वक्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर गो संरक्षण के लिए सख्त कानून बनाए जाएं, ताकि पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# ग्रामीण सफाई कर्मियों ने दिनभर की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

बेगारी के खिलाफ और पक्की नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को 15वें दिन भी जारी रही। पिछले चार दिनों से चल रही राज्यस्तरीय पदयात्रा को पुलिस द्वारा जबरन रोकने के विरोध में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने रोहतक लघु सचिवालय, महम तथा लाखनमाजरा बीडीओ कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों में सरकार के रवैये को लेकर भारी नाराजगी देखने को मिली। लघु सचिवालय पर चल रहे धरने की अध्यक्षता संजय ने की। धरने को संबोधित करते हुए प्रकाशचंद्र, दलेर, बलजीत तथा जगमिंदर काला ने कहा कि नरवाना से शुरू हुई पदयात्रा को कैथल में सरकार के इशारे पर पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन है। नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार दलित और सफाई कर्मचारी विरोधी रवैया अपना रही है। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग भी लंबित है। वक्ताओं ने कहा कि 24 और 25 मई को नरवाना में सामाजिक न्याय मंत्री के आश्वासन पर महापड़ाव समाप्त किया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### चंडीगढ़ में हुई बैठक में बनी सहमति

हरियाणा ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के बैनर तले 15 मई से चल रही ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार रात को खत्म कर दी गई। यूनियन प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने सरकार से वार्ता के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की। साथ ही प्रदेश सरकार के मंत्री कृष्ण लाल पंवार और मंत्री कृष्ण बेदी ने यूनियन की 17 मांगों पर सहमति बनने की जानकारी दी।

# महम में भी सफाई कर्मचारियों ने की नारेबाजी

## मुख्यमंत्री पर लगाया वादाखिलाफी का आरोप

■ वेतन बढ़ाने की घोषणा को लागू नहीं कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** बीडीपीओ कार्यालय के सामने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते महम व लाखन माजरा खंड के सफाई कर्मचारी। **फोटो : हरिभूमि**

वेतन वृद्धि व पक्की नौकरी की मांग को लेकर महम और लाखन माजरा खंड के सैकड़ों सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को महम में बीडीपीओ ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सफाई कर्मचारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार उनके साथ वादा खिलाफी कर रही है। खुद मुख्यमंत्री दो बार उनके वेतन वृद्धि को लेकर घोषणा कर चुके हैं। लेकिन वेतन बढ़ाने की घोषणा को लागू नहीं किया जा रहा। 15 मई से प्रदेशभर में ग्रामीण सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। आज महम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया है। रोहतक जिले के सांपला, लाखन माजरा, महम, रोहतक और कलानौर खंड के सभी सफाई कर्मचारी 31 मई को भिवानी में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के आवास का घेराव करेंगे। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि महम बीडीपीओ ऑफिस के कर्मचारियों का रवैया बिल्कुल सही नहीं है। महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राज सिंह उनके आंदोलन को दबाना चाहते हैं। उन्होंने अपने ग्राम सचिव, एकाउंटेंट और क्लर्क को उनके पास भेजकर प्रदर्शन करने से रोकने का प्रयास किया है। लेकिन सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि बीडीपीओ और उनके मातहत कर्मचारी कितना भी प्रयास कर लें। उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### 19 साल से कच्चे कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे ग्रामीण सफाई कर्मचारी: दले सिंह

ग्रामीण सफाई कर्मचारी एसोसिएशन के रोहतक जिला प्रधान दले सिंह ने बताया कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी पिछले 19 साल से कच्चे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि उनको पक्का किया जाए। जब तक उनको पक्का नहीं किया जाता, तब उनको 30 हजार रुपये वेतनमान दिया जाना चाहिए। सरकार ने 2 हजार की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी नियुक्त कर रखा है। 400 की आबादी पर एक सफाईकर्मी लगाया जाना चाहिए। एक हजार की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी लगाने के लिए मुख्यमंत्री ने खुद घोषणा की थी। लेकिन वह भी लागू नहीं की गई। सीएम ने 26 हजार रुपये वेतन की घोषणा स्वयं की थी। मगर वह भी लागू नहीं की गई। वर्तमान में उनको 14 हजार 80 रुपये दिए जा रहे हैं।

## एनएच-9 से रेलवे स्टेशन तक कच्चा पड़ा था रास्ता, पैसेंजर्स को हो रही थी परेशानी

# खुशखबरी: महम रेलवे स्टेशन तक बनी पक्की सड़क

**थोड़ी सी बारिश होते ही रास्ते में कीचड़ हो जाता था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

### रेल यात्रियों की राह हुई आसान



**महम।** रेलवे स्टेशन महम तक रेलवे विभाग द्वारा तैयार किया गया पक्का मार्ग।

रोहतक वाया महम हांसी रेलवे लाइन को शुरू हुए दो साल से भी अधिक समय हो गया है। लेकिन अब तक महम कस्बे के रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए पक्का रास्ता नहीं था। लोग कच्चे रास्ते से बड़ी मुश्किल से रेलवे स्टेशन तक जाते थे। थोड़ी सी बारिश होते ही रास्ते में कीचड़ हो जाता था। बारिश के दिनों में हालात बद से बदतर होते थे। लेकिन रेल यात्रियों के लिए अब राहत की खबर है। एनएच-9 से रेलवे स्टेशन तक रास्ता कच्चा पड़ा था। रेलवे विभाग ने अब कच्चे रास्ते को पक्का बना दिया है। महम शहर और आस पास के गांवों के यात्री लंबे समय से इस रास्ते को पक्का किए जाने की मांग कर रहे थे। यह मामला मुख्यमंत्री, मंत्रियों, जिला उपायुक्त, एसडीएम और स्थानीय विधायक के भी संज्ञान में था। एसडीएम ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को किशनगढ़ ग्राम पंचायत के माध्यम से इस रास्ते को पक्का करने के लिए निर्देश दिए थे। लेकिन पंचायत विभाग भी इस मार्ग को पक्का नहीं कर पाया। रेलवे अधिकारियों का कहना था कि यह रास्ता उनकी हद में नहीं है। इसे राज्य सरकार पक्का करेगी। लेकिन यात्रियों की परेशानी को देखते हुए आखिरकार रेलवे विभाग ने इस रास्ते को पक्का कर दिया है। रेलवे अधिकारियों ने रेल की पटरी के नीचे बिछाए जाने वाले कंकरीट के पुराने ढांचे उठाकर इस रास्ते पर डाल दिए। जिससे यह रास्ता बहुत ही कम समय में पक्का बना दिया गया।

### वार्ड 15 में 8 महीने से सीवरेज लाइन जाम

**महम।** महम नगर पालिका के वार्ड 15 में बड़ा गुरुद्वारा के पास सीवरेज लाइन पिछले 8 महीने से जाम पड़ी है। सीवर की सफाई न होने की वजह से गंदगी गलियों में फैल रही है। लोगों को बदबू आती है। लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। वार्ड 15 की पार्षद सुमन शर्मा ने बताया कि सीवरेज



को खुलवाने के लिए कई बार जनस्वास्थ्य विभाग को शिकायत कर चुके हैं। जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सीवरेज लाइन की सफाई नहीं करवा रहे। पार्षद सुमन शर्मा के पति संजय शर्मा ने बताया कि 8 महीने से वे खुद विभाग के कार्यालय में चक्कर काट रहे हैं। लेकिन आश्वासन तो मिल रहा है, मगर समाधान नहीं किया जा रहा। अनेक बार वे जनस्वास्थ्य विभाग के जेई मनोज को शिकायत कर चुके हैं। महिला पार्षद और उसके पति ने उपायुक्त सचिन गुप्ता से सीवरेज लाइन को खुलवाने और जनस्वास्थ्य विभाग के लापरवाह कर्मचारियों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, गुरुग्राम रेफर

**सांपला।** गांव गांधरा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने रास्ता रोककर डंडों से हमला किया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गांधरा निवासी विनोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके ताऊ के बेटे अमलेश का करीब एक साल पहले गांव के ही सुनील और अनुज के साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उस समय गांव के लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत करवा दिया था, लेकिन आरोपियों ने रंजिश रखी हुई थी। शिकायत के अनुसार अमलेश बाइक पर ड्यूटी के लिए जा रहा था। जब वह गांधरा-खरावड़ रोड पर प्याऊ के पास पहुंचा तो आरोपियों ने बाइक लगाकर उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने डंडों से हमला कर अमलेश को बुरी तरह घायल कर दिया। हमले में उसके शरीर पर करीब 11 चोटें आईं। परिजन उसे उपचार के लिए रोहतक ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर गुरुग्राम के पारस अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना सांपला पुलिस ने घायल के भाई विनोद की शिकायत, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# वीर सावरकर जयंती श्रद्धा व उत्साह से मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



ग्रामीण महिला एवं युवा विकास संस्थान के सौजन्य से गांव कंसाला स्थित आईटीआई परिसर में महान स्वतंत्रता सेनानी वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर तथा वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम राठी रहे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में अनूप भाली उपस्थित रहे। इस दौरान अशोक राठी, सूबेदार जयशंकर, आईटीआई प्रधानाचार्य अनिल, लेक्चरर प्रवीण देशवाल और चांद खोखर कंसाला समेत अनेक लोग मौजूद रहे। मुख्य वक्ता अनूप भाली ने वीर सावरकर के संघर्षों और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। संस्थान के प्रधान संदीप कंसाला ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि प्रवीण देशवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा।

# सुपवा की मान्या ग्रामीण विकास मंत्रालय में करेगी इंटर्नशिप

- टेक्सटाइल डिजाइन के चौथे सेमेस्टर की छात्रा है मान्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) की छात्रा का चयन ग्रामीण विकास मंत्रालय ने समर इंटर्नशिप के लिए किया है। चयनित छात्रा मान्या फिलहाल डिजाइन फैकेल्टी के टेक्सटाइल डिजाइन डिपार्टमेंट के चौथे सेमेस्टर में पढ़ रही है। समर इंटर्नशिप 1 जून से शुरू होगी। टेक्सटाइल डिजाइन के एचओडी अनिल कुमार ने बताया कि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में होने वाली समर इंटर्नशिप के लिए मान्या का चयन होना सुपवा परिवार के लिए गर्व का विषय है। इस इंटर्नशिप को बेहद प्रतिष्ठित माना जाता है। मान्या का चयन रिज्यूमे स्क्रीनिंग, पोर्टफोलियो मूल्यांकन, शॉर्ट लिस्टिंग और इंटरव्यू जैसी कड़ी प्रक्रिया से गुजरने के बाद हुआ है। इंटर्नशिप के दौरान वह पिपिलीक महिला हस्तशिल्प के साथ परंपरागत शिल्प विकास व ग्रामीण आजीविका पहल पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम के तहत काम करेंगी। इंटर्नशिप में विशेष रूप से ओडिशा की प्रसिद्ध पिपली कारीगरी पर फोकस करेगी और पारंपरिक हस्तकला व समकालीन डिजाइन प्रथाओं के बीच संबंध को मजबूत करने का काम करेगी। इंटर्नशिप के दौरान मान्या डिजाइन हस्तक्षेप, कौशल विनिमय, उत्पाद विकास और दस्तावेजीकरण व अनुसंधान के क्षेत्रों में अपना योगदान देगी।



## छात्र-छात्राएं लगातार यूनिवर्सिटी व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे

डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह पहल ग्रामीण कारीगरों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व दीनदयाल अंत्योदय योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए चलाई जाती है। जिसमें समर इंटर्नशिप के जरिए युवा अपनी रचनात्मक प्रतिभा को सतत ग्रामीण विकास कार्यक्रमों में शामिल कराते हैं। डॉ आर्य ने कहा कि सुपवा के छात्र-छात्राएं लगातार यूनिवर्सिटी व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। जब भी कोई छात्र इस तरह से आगे बढ़ता है तो उसकी सबसे ज्यादा खुशी उनकी फैकेल्टी व परिवार को होती है, जबकि अन्य छात्रों के लिए यह प्रेरणा बनते हैं। उम्मीद है कि मान्या समर्पण, रचनात्मकता व उत्कृष्टता के साथ सुपवा परिवार का प्रतिनिधित्व करेगी।

## रणबीर सिंह ओपीडी में लगाया जाएगा अत्याधुनिक 'सीपीआर कियोस्क'

# पीजीआई में रोजाना 500 लोगों को दी जाएगी सीपीआर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

*डॉ. एस.के. सिंघल ने बताया कि अस्पताल में हर रोज हार्ट अटैक व कार्डियक अरेस्ट के कई मामले आते हैं। ओपीडी में प्रतिदिन 8 से 10 हजार लोग आते हैं। आमजन को सीपीआर की ट्रेनिंग देने से अधिक से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकेगी।*

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के पीजीआई में अब मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को भी जीवन रक्षक तकनीक की ट्रेनिंग दी जाएगी। चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी ब्लॉक में जल्द ही अत्याधुनिक 'सीपीआर कियोस्क' स्थापित किया जाएगा, जहां आम लोगों को कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में जान बचाने के लिए सीपीआर सिखाया जाएगा।

इस संबंध में शुक्रवार को चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने संयुक्त प्रेस वार्ता कर जानकारी दी। कुलपति डॉ. एच.के. अग्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 'निरोगी हरियाणा' अभियान से प्रेरित है। निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल ने बताया कि अस्पताल में हर रोज हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के कई मामले आते हैं। ऐसे समय में यदि आसपास मौजूद व्यक्ति को सीपीआर की जानकारी हो तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि ओपीडी में प्रतिदिन 8 से 10 हजार लोग आते हैं और लक्ष्य है कि हर व्यक्ति को सीपीआर की बुनियादी जानकारी दी जाए।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते निदेशक डॉ. एसके सिंघल व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल।

### सीपीआर प्रशिक्षण से जीवन बचाने की पहल

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने बताया कि कियोस्क ओपीडी के मुख्य प्रवेश द्वार के पास लगाया जाएगा। यहां प्रशिक्षित हेल्थ केयर वर्कर सुबह से शाम तक मौजूद रहेंगे और लोगों को हैंड्स-ओनली सीपीआर सिखाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कम से कम 500 लोगों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे एक वर्ष में करीब डेढ़ लाख लोग प्रशिक्षित हो सकेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार कार्डियक अरेस्ट के दौरान सीपीआर देने से मरीज को अस्पताल पहुंचने तक जीवन बचाने का महत्वपूर्ण समय मिल जाता है। पीजीआईएमएस प्रशासन का मानना है कि यह अभियान आम लोगों को "लाइफ सेवर" बनाने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा।

### डीएमईआर टीम ने पीजीआई की ताकत का जायजा लिया



रोहतक। विभिन्न विभागों का निरीक्षण करते चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय डीएमईआर, हरियाणा की टीम ।

रोहतक। चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय डीएमईआर, हरियाणा की टीम ने शुक्रवार को पीजीआईएमएस का दौरा कर विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। टीम ने निदेशक डॉ. एस.के. सिंघल और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल के साथ बैठक कर ओपीडी, ट्रॉमा सेंटर, सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक, लैब का जायजा लिया। डीएमईआर के निर्देश पर सभी विभागों से 29 मई को सुबह 10 बजे तक प्रोफार्मा के अनुसार हार्ड कॉपी व सॉफ्ट कॉपी में डाटा मंगवाया गया था। टीम ने विभिन्न विभागों के डीएमएस के साथ फैकल्टी स्ट्रेंथ, बेड ऑक्यूपेंसी, उपकरणों की स्थिति और एनएमसी मानकों की पालना का मूल्यांकन किया। डीएमईआर अधिकारियों ने बताया कि सरकार के आदेश पर अलग-अलग टीमें प्रदेश के सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण कर रही हैं। सभी कॉलेजों से डाटा लेकर डीएमईआर मुख्यालय में विस्तृत रिपोर्ट सबमिट होगी। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर वरुण अरोड़ा ने बताया कि पीजीआईएमएस ने समय पर पूरा डाटा उपलब्ध करवा दिया है।

# शिकायत पोर्टलों की लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करें अधिकारी : उपायुक्त

- नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। लघु सचिवालय सभागार में बैठक लेकर सभी शिकायत पोर्टलों की लंबित शिकायतों की समीक्षा बैठक लेते नगराधीश शुभम। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समाधान शिविरों के साथ-साथ अन्य सभी शिकायत पोर्टलों का नियमित रूप से अवलोकन करें और लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं उचित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों में लंबित एवं दोबारा खोली गई शिकायतों का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। शिकायतों के निपटारे के दौरान संबंधित नागरिकों से संवाद करना भी जरूरी है, जिससे उन्हें विभागीय कार्रवाई की जानकारी मिल सके और वे संतुष्ट हों। उन्होंने बताया कि नागरिकों से फीडबैक लेने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कॉलिंग सेल भी संचालित किया जा रहा है। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं भाजपा प्रतिनिधि डॉ. अंकुश बिड्डू भी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां शुरू

- 11 से 21 जून तक जिला व ब्लॉक स्तर पर होंगे विविध कार्यक्रम

रोहतक। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस को जिला, उपमंडल और गांव स्तर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए दिशा-निर्देशों के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक आयोजित कर कार्यक्रमों की रूपरेखा और विभागवार जिम्मेदारियां तय की गईं। डीसी ने बताया कि 11 से 13 जून तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, सरपंच, पंच, पुलिस कर्मी, एनसीसी एवं स्काउट कैडेट सहित आमजन भाग लेंगे। प्रशिक्षण आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों, खेल विभाग के प्रशिक्षकों तथा योग समितियों के शिक्षकों द्वारा स्टेडियम, खेल मैदान और व्यायामशालाओं में दिया जाएगा।



### योग दिवस पर जागरूकता अभियान तेज

सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला स्तर पर योग मैराथन और जागरूकता रैली भी आयोजित की जाएगी, जिसमें स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, गुरुकुलों, एनसीसी, एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के सदस्य भाग लेंगे। विद्यार्थी योग संदेशों वाली तख्तियां और बैनर लेकर लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि 16 से 18 जून तक विशेष योग प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे, जबकि 19 जून को योग एवं रिसर्च विषय पर संगोष्ठी और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। 20 जून को मुख्य कार्यक्रम की पायलट रिहर्सल होगी तथा 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को कार्यक्रम स्थलों पर एंबुलेंस, चिकित्सा स्टाफ, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# संकुल स्तरीय पंचपदी कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में संकुल स्तरीय पंचपदी कार्यशाला का शुभारंभ हर्षोल्लास और गरिमामयी वातावरण में हुआ। दो दिवसीय यह कार्यशाला 29 से 30 मई तक आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि पंचपदी शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने शिक्षकों से आधुनिक शिक्षण तकनीकों को अपनाकर विद्यार्थियों में ज्ञान, संस्कार और व्यवहारिक कौशल विकसित करने का आह्वान किया। संकुल प्रमुख अश्वनी कुमार ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षक निर्माण और राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम है। वहीं मुख्य अतिथि सुभाष जी ने कहा कि विद्या भारती भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य बत्रा, करन विग, राम चरण सिंगला, एस.के. गुप्ता, बीना कौशिक और डॉ. दिनेश मदान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एमडीयू में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- कुलपति बोले- संस्थान की नींव होते हैं कर्मचारी

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) से शुक्रवार को दो शिक्षकों समेत सात कर्मी सेवानिवृत्त हो गए। कुलपति कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गयी और उनके योगदान को याद किया गया। हिंदी विभाग से प्रो. कृष्णा जून, कॉमर्स विभाग से प्रो. राजपाल, एसडीई (सिविल) पवन कुमार, फोरमैन (प्रेस) राम प्रसाद, क्लर्क देवेंद्र कुमार, रामरत्ती, कृष्ण कुमार और चमन लाल आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों और कर्मियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके लंबे सेवाकाल और संस्थान के प्रति समर्पण की सराहना की। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि किसी भी संस्थान की मजबूती में कर्मचारियों की भूमिका सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने अनुभव, कार्य संस्कृति और समर्पण की अमिट छाप छोड़कर जा रहे हैं।



रोहतक। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों और कर्मियों को विदाई देते कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां ।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एएस मान, कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल, डीन, सीडीसी प्रो राजेश पुनिया, प्रॉक्टर प्रो रणदीप राणा, वित्त अधिकारी मुकेश भट्ट सहित, डीन, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों और अधिकारियों ने भी कर्मचारियों के योगदान को याद करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद और सम्मानपूर्ण जीवन की कामना की।

# हरमन सिंह अनेजा ने इसरो कैंप में दिखाया प्रतिभा का दम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोनीपत रोड भालौठ स्थित विद्याश्री इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र हरमन सिंह अनेजा ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित यंग साइंटिस्ट प्रोग्राम में चयन हासिल कर हरियाणा का नाम रोशन किया है। मॉडल टाउन निवासी हरमन का चयन जोधपुर स्थित आरआरएससी (वेस्ट) में आयोजित 14 दिवसीय स्पेस साइंस ट्रेनिंग कैंप के लिए हुआ था। युविका कार्यक्रम की चयन प्रक्रिया बेहद प्रतिस्पर्धात्मक होती है, जिसमें शैक्षणिक प्रदर्शन, विज्ञान गतिविधियों, ओलंपियाड, खेल और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को महत्व दिया जाता है। इस वर्ष देशभर के करीब साढ़े पांच लाख विद्यार्थियों में से केवल 456 छात्रों का चयन हुआ। कैंप के दौरान हरमन ने रॉकेट प्रोपेल्शन, स्पेस टेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष विज्ञान की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त की।

### पूर्व छात्र प्रवीन पुनिया बने असिस्टेंट प्रोफेसर

रोहतक। मदवि के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) के पूर्व छात्र प्रवीन पुनिया की नियुक्ति राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखन माजरा में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुई है। सीएमबीटी निदेशक डॉ. हरि मोहन, विभाग के शिक्षकगण, सहकर्मियों और विद्यार्थियों ने प्रवीन पुनिया को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल शैक्षणिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals
Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar,
Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

### एमडीयू में एक जून से शुरू होगा गुरु दक्षता कार्यक्रम

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) की ओर से एक जून से चार सप्ताह का फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम गुरु दक्षता का प्रारम्भ होगा। 27 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देश के 15 राज्यों से 156 फैकल्टी सदस्य हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित होगा। एमएमटीटीसी निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. मिलाप पूनियां मुख्य अतिथि होंगे, जबकि कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के पूर्व कुलपति प्रो. आरसी कुहाड़ मुख्य वक्ता के रूप में उच्च शिक्षा में शिक्षकों की बदलती भूमिका और सतत व्यावसायिक विकास पर विचार साझा करेंगे। प्रो. गर्ग ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त एवं शुरुआती करियर के शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण तकनीकों, शोध, डिजिटल दक्षता और शैक्षणिक नेतृत्व के लिए तैयार करना है।

## एमए में दाखिले के लिए 50 प्रतिशत अंक किए निर्धारित

# मनोविज्ञान में प्रवेश के लिए 10 तक करें आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के मनोविज्ञान विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विभाग में एमए साइकोलॉजी, एमए गाइडेंस एंड काउंसलिंग तथा पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग में दाखिले के लिए अभ्यर्थी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

विभागाध्यक्ष प्रो. अंजलि मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध आधारित सीखने और व्यावसायिक कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करा रहा है। प्रो. अंजलि मलिक ने बताया कि मनोविज्ञान विभाग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप आधुनिक पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है, जिसमें विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण और कौशल आधारित शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री तक सीमित न रखकर उन्हें रोजगार और सामाजिक योगदान के लिए भी तैयार करना है।



### ये होंगे दाखिले के लिए योग्यताएं

विभाग में एमए साइकोलॉजी की 40 सीटें उपलब्ध हैं, जिसके लिए मनोविज्ञान विषय के साथ स्नातक डिग्री में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक आवश्यक हैं। वहीं एमए गाइडेंस एंड काउंसलिंग में 30 सीटें हैं, जिसमें प्रवेश के लिए मनोविज्ञान विषय के साथ स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पीजी डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग की 30 सीटों पर भी प्रवेश दिए जाएंगे। डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश मेरिट आधारित काउंसलिंग के माध्यम से होगा। प्रो. अंजलि ने बताया कि विभाग में अनुभवी फैकल्टी, मजबूत शोध संस्कृति, विद्यार्थी सहायता सेवाएं और सामुदायिक पहुंच कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि मनोविज्ञान के क्षेत्र में शोध, शिक्षण, क्लिनिकल प्रैक्टिस, स्कूल एवं कॉलेज काउंसलिंग, पुनर्वास सेवाएं, खेल मनोविज्ञान और फॉरेंसिक साइकोलॉजी जैसे क्षेत्रों में रोजगार की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को सुलझाते हुए मामले में शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, रोहताश नगर निवासी आशीष की शिकायत पर थाना शहर रोहतक में बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 11 अप्रैल को उसने बाइक जींद बाइपास स्थित ऑफिस के सामने खड़ी की थी। अगले दिन सुबह जब वह मौके पर पहुंचा तो बाइक गायब मिली। मामले की जांच पीएसआई प्रदीप द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 28 मई को आरोपी अमन पुत्र रघुबीर निवासी रिटौली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर चोरी से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

### दो युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्तौल/कट्टे बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अलग-अलग मामले दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, एसआई धर्मबीर के नेतृत्व में टीम भालोठ बस स्टॉप क्षेत्र में गश्त कर रही थी। सूचना मिलने पर कलोई डिग्गी के पास रुड़की निवासी विनोद उर्फ जीवन को काबू किया गया। तलाशी में उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। उसके खिलाफ थाना सदर में मामला दर्ज किया गया। वहीं, दूसरी कार्रवाई में एसआई कृष्ण की टीम ने धामड़ स्थित शिव मंदिर बस स्टॉप के पास मुगाण निवासी विजय उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से भी एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस मामले में गहन पूछताछ कर रही है।


### जाट बटालियन स्थापना दिवस पर जुटेंगे मश्कोह योद्धा

रोहतक। 17वीं जाट बटालियन के स्थापना दिवस के अवसर पर 1 जून को मश्कोह योद्धाओं का विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सागर विला होटल में होगा, जिसमें पूर्व सैनिक एकत्रित होकर कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे। इस आयोजन में कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों और पूर्व सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाने वाले सूबेदार मेजर अजीत सिंह और सूबेदार सूरत सिंह ने बताया कि भारतीय सेना की 17वीं बटालियन दि जाट रेजीमेंट को "मश्कोह योद्धा" के नाम से जाना जाता है। कारगिल युद्ध के दौरान इस बटालियन ने लद्दाख की मश्कोह घाटी में अदम्य साहस का परिचय देते हुए प्वाइंट 4875 सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पाकिस्तानी घुसपैठियों से मुक्त कराया था।

लाडो लक्ष्मी योजना के लिए हर माह देना पड़ता है जीवित प्रमाण पत्र

# मेरी सरकार... आपकी लाडो जिंदा है!

- दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को हर माह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता
- पारदर्शिता के नाम पर प्रक्रिया को लेकर महिलाओं की गरिमा और सुविधा पर उठे सवाल


एआई जेनरेटेड

- ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी दिक्कतों से महिलाओं को सीएससी और सेवा केंद्रों के लगाने पड़ रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**खास खबर**

सरकार की महत्वाकांक्षी दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं के बैंक खातों में हर महीने 2100 रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की जाती है। अगस्त 2025 में योजना की घोषणा हुई थी और 25 सितंबर में औपचारिक शुभारंभ किया गया। लेकिन अब इस योजना की सबसे बड़ी विडम्बना जिंदा होने का प्रमाण बन गई है। लाभ लेने वाली महिलाओं को हर महीने सरकार के पोर्टल पर अपनी उपस्थिति और जीवित होने की पुष्टि अपलोड करनी पड़ती है। ऐसा नहीं करने पर लाभार्थी का नाम सूची से हटा दिया जाता है और अगली किस्त रोक दी जाती है।

▶▶ पेंशन के लिए तीन साल पहले गांधरा के 102 वर्षीय दुलीचंद ने साबित किया था थारा फूफा जिंदा

### दुलीचंद सेहरा बांधकर डीसी कार्यालय पहुंचे थे

ध्यान रहे कि तीन साल पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए थारा फूफा जिंदा है" वाले मामले की याद दिला दी है। उस समय गांव गांधरा के 102 वर्षीय दुलीचंद को अपनी पेंशन जारी करवाने के लिए अधिकारियों के सामने जीवित होने का प्रमाण देना पड़ा था। यह मामला इतना चर्चित हुआ कि थारा फूफा जिंदा है, सोशल मीडिया पर व्यंग्य और मीम का हिस्सा बन गया। अब लाडो लक्ष्मी योजना में हर महीने जीवित होने का सत्यापन करवाने की व्यवस्था को लेकर लोग उसी अंदाज में तंज कस रहे हैं। दुलीचंद सेहरा बांधकर डीसी कार्यालय पहुंच गए थे। इसके बाद सरकार में हड़कंप मचा। अधिकारी तक सस्पेंड कर दिए गए।

### विपक्ष व सामाजिक संगठनों ने उठाए सवाल

सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि योजना से लाखों महिलाओं को आर्थिक सहारा मिला है। वहीं, दूसरी ओर विपक्ष और सामाजिक संगठनों का कहना है कि हर महीने जिंदा होने का प्रमाण मांगना महिलाओं की गरिमा पर सवाल खड़ा करता है। खासकर बुजुर्ग और ग्रामीण महिलाओं के लिए यह प्रक्रिया अतिरिक्त बोझ बनती जा रही है। कई मामलों में तकनीकी त्रुटियों के कारण पात्र महिलाओं की किस्तें भी अटक रही हैं।

### फर्जी लाभार्थियों को रोकने के लिए व्यवस्था लागू

योजना में फर्जी लाभार्थियों को रोकने और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत महिलाओं को पोर्टल पर लॉगिन कर आधार आधारित सत्यापन, फेस ऑथेंटिकेशन या स्थानीय स्तर पर प्रमाणित उपस्थिति दर्ज करवानी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को थोड़ी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कई गांवों में इंटरनेट और तकनीकी जानकारी की कमी के कारण महिलाएं कॉमन सर्विस सेंटर और अटल सेवा केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

- **महावीर गोदारा**, जिला समाज कल्याण अधिकारी

## 71 किमी रेल ट्रैक के दोहरीकरण पर 350 करोड़ रुपये की लागत से काम जारी

**2029 तक ट्रेनों के संचालन का लक्ष्य**

# रोहतक-गोहाना-पानीपत रेल लाइन डबलिंग कार्य ने पकड़ी रफ्तार

- शहर के एलिवेटेड पुल पर गार्डर रखने का काम लगभग पूरा
- बस स्टैंड रोड से चिन्योट कॉलोनी तक कई हिस्सों में गार्डर स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**अलग खबर**

रोहतक-गोहाना-पानीपत रेल लाइन के दोहरीकरण (डबलिंग) का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। रेलवे विभाग की ओर से करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा किया जा रहा है। परियोजना के तहत लगभग 71 किलोमीटर लंबे रेल ट्रैक का दोहरीकरण किया जाएगा, जिसमें शहर के अंदर बना एलिवेटेड रेल पुल भी शामिल है। शहर के अंदर एलिवेटेड पुल के दोहरीकरण के लिए गार्डर रखने का अधिकांश कार्य पूरा कर लिया गया है। बस स्टैंड रोड, बजरंग भवन के निकट दिल्ली रोड तथा चिन्योट कॉलोनी की ओर गार्डर स्थापित किए जा चुके हैं। अब केवल लेवल क्रॉसिंग फाटकों के पास कुछ स्थानों पर गार्डर रखने का कार्य शेष है, जिसे जल्द पूरा करने की योजना है। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा शहर के एलिवेटेड पुल के दोहरीकरण पर करीब 350 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। विभाग ने लगभग तीन किलोमीटर क्षेत्र में गार्डर रखने का कार्य पूरा कर लिया है। इसके बाद अब ट्रैक निर्माण के लिए शटरिंग और अन्य सिविल कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। निर्माण स्थल पर मजदूरों और मशीनों की मदद से काम जारी है ताकि परियोजना को निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

### रैंप निर्माण का कार्य भी तेजी से चल रहा

इसके साथ ही पुल की मजबूती और सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए पूर्व दिशा की ओर रैंप निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद यात्रियों को अधिक सुरक्षित और सुगम रेल सेवा मिलेगी। साथ ही ट्रेनों की आवाजाही बढ़ने से रोहतक, गोहाना और पानीपत के बीच यातायात का दबाव भी कम होगा।

**ट्रेनों के लेट होने की समस्या में भी काफी कमी आएगी**

पूरी परियोजना पर ट्रेनों का संचालन वर्ष 2029 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डबलिंग परियोजना पूरी होने से इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ सकेगी और ट्रेनों के लेट होने की समस्या में भी काफी कमी आएगी। **-बलराम मीणा,** स्टेशन अधीक्षक, रेलवे

### एक वर्ष में पूरा होगा कार्य

एलिवेटेड पुल के दोहरीकरण का कार्य करीब एक वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। हालांकि पूरी परियोजना पर ट्रेनों का संचालन वर्ष 2029 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डबलिंग परियोजना पूरी होने से इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ सकेगी और ट्रेनों के लेट होने की समस्या में भी काफी कमी आएगी। इसके अलावा मालगाड़ियों की आवाजाही सुचारु होने से औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**सैनी पुरा में चोरों के हौसले बुलंद**

# बंद मकान से लाखों रुपये का सामान चोरी

- पंचकूला में रह रहे मकान मालिक के पहुंचने पर हुआ वारदात का खुलासा
- इलाके में बढ़ी दहशत, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर के सैनी पुरा क्षेत्र में बंद पड़े एक मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना का पता उस समय चला जब मकान मालिक अपने घर पहुंचे। घर के ताले और सामान की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में सैनी पुरा निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह वर्ष 2023 से अपने परिवार सहित पंचकूला में रह रहे हैं। उनका सैनी पुरा स्थित मकान पिछले करीब छह महीने से बंद पड़ा हुआ था। इसी का फायदा चोरों ने उठाया।

### बड़ी सफाई से अंजाम देकर फरार

घर पहुंचे तो सामान गायब मिला प्रमोद कुमार के अनुसार, जब वह अपने मकान पर पहुंचे तो देखा कि घर से एयर कंडीशनर, एलईडी, गैस सिलेंडर, डीवीआर, इनवर्टर और बैटरी सहित अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका था। घर का सामान बिखरा पड़ा था और चोर बड़ी सफाई से वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

### 1 जून से पूर्व सैनिक कैंटीन इंद्र नगर में होगी शिफ्ट

**रोहतक।** आसपास के इलाके के पूर्व सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना है कि देव कॉलोनी स्थित पूर्व सैनिक कैंटीन 1 जून सोमवार से झज्जर रोड पर स्थित रुपया चौक के साथ हिंदुस्तान पैट्रोलियम के पेट्रोल पंप के पीछे अपना कार्य शुरू करने जा रही है। पूर्व सैनिकों को सूचना देते हुए कैंटीन मैनेजर कर्नल सुरेंद्र कुमार कुंडू ने बताया कि देव कॉलोनी स्थित कैंटीन अभी अपना बिक्री का कार्य बंद कर रही है और सामान को लेकर नई लोकेशन में शिफ्ट कर रही है। 1 जून से झज्जर रोड पर स्थित रुपया चौक से पहले एच पी पेट्रोल पंप के साथ से होते पूर्व की तरफ सीएसडी कैंटीन पहुंचें। पूर्व सैनिक भाइयों के लिए एक और खुशी की बात है कि वहां पर पूर्व सैनिकों की पेंशन, नाम परिवर्तन, जन्मतिथि आदि समस्याओं को हल करने के लिए एक पूर्व सैनिक फैसिलिटी सेंटर की व्यवस्था भी की जा रही है।


**रोहतक।** नि:शुल्क हेलमेट वितरित करते थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक महेंद्र व एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान 50 हेलमेट फ्री बांटे

**रोहतक।** ट्रैफिक पुलिस और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा और बीमा जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को 50 निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित ड्राइविंग को बढ़ावा देना और मोटर बीमा व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। अभियान में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस रोहतक के प्रमुख गौरव और चंडीगढ़ कार्यालय से जतिन ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षा उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट पहनना जीवन रक्षा के लिए बेहद जरूरी है और इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाजहित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान ट्रैफिक एसएचओ प्रवीण, थाना सिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सहित यातायात पुलिस के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से हमेशा हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की।


**रोहतक।** वीटा मिल्क प्लांट रोहतक के नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### वीटा मिल्क प्लांट में भारतीय मजदूर संघ की नई इकाई गठित

**रोहतक।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा मिल्क फूड श्रमिक संघ हरियाणा की रोहतक इकाई का गठन वीटा मिल्क प्लांट रोहतक में किया गया। कार्यक्रम में 175 से अधिक कर्मचारियों ने भारतीय मजदूर संघ की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, महामंत्री मनोज चतुर्वेदी, अंबाला जिला सचिव सुनील यादव, कोषाध्यक्ष रवि शर्मा, कुरुक्षेत्र जिला प्रधान सचिन कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के महामंत्री हवा सिंह तथा रोहतक जिला मंत्री राहुल कुमार उपस्थित रहे। नेताओं ने कर्मचारियों को भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति, संगठन के इतिहास तथा जॉब सिक्योरिटी एक्ट-2024 की जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से सतीश कुमार को रोहतक इकाई का प्रधान चुना गया। यशवंत और संजीव कुमार को उपप्रधान, अमित को सचिव तथा परवीन और सुनील रोहिल्ला को सह सचिव बनाया गया। सुखदेव को प्रेस सचिव, अशोक कुमार को कोषाध्यक्ष और रविंद्र फोगाट को सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# रोडवेज कर्मियों ने दी आंदोलन की चेतावनी, मांगें पूरी करने की मांग

- 25 जुलाई को परिवहन मंत्री कैंप कार्यालय का होगा घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** अपनी मांगों के लिए धरना प्रदर्शन करते हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने कर्मचारियों की लंबित मांगों और देय भत्तों के भुगतान में हो रही देरी को लेकर सरकार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को कर्मचारियों ने धरना देकर परिवहन मंत्री के नाम महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि समय रहते मांगें पूरी नहीं की गईं तो 25 जुलाई को अंबाला छावनी स्थित परिवहन मंत्री के कैंप कार्यालय का न्याय मार्च करते हुए घेराव किया जाएगा। धरने की अध्यक्षता तालमेल कमेटी के सदस्य जोगेंद्र ढुल, सुरेश नहरा, संदीप सिंघवा, सुमेश कुंडू, संदीप खोखर, राजेश मायना और मनजीत कारोर ने की, जबकि संचालन सुरेश नहरा व जागेंद्र ढुल ने किया। सांझा मोर्चा के वरिष्ठ नेता जगदीप लाठर, वीरेंद्र सिंहरोहा, दिनेश हुड्डा, जोगेंद्र मालिक और सुभाष बराड़ ने कहा कि चालक-परिचालक विपरीत परिस्थितियों में जनता की सेवा कर रहे हैं, लेकिन उनके रात्रि ठहराव भत्ते, ओवरटाइम, एलटीसी और अन्य देय भुगतान लंबे समय से लंबित पड़े हैं। उन्होंने बताया कि रात्रि ठहराव भत्ता दिसंबर 2023 से तथा ओवरटाइम जनवरी 2026 से पेंडिंग है। नेताओं ने आरोप लगाया कि परिवहन मंत्री अनिल विज द्वारा 5 नवंबर 2024 को सभी महाप्रबंधकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों को उनका हक नहीं मिल रहा।

सांझा मोर्चा ने घोषणा की कि 5 जून से विभिन्न मंडलों में प्रदर्शन कर मंडल आयुक्तों के माध्यम से परिवहन मंत्री को ज्ञापन भेजे जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## 31 जुलाई 2026 तक चालू वित्त वर्ष के संपत्तिकर भुगतान पर 10% छूट

# एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर 100% ब्याज माफ

- निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार ने लंबित आवेदनों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश
- 30 जून 2026 तक संपत्तिकर बकाया पर ब्याज माफी योजना का लाभ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ समीक्षा बैठक लेते नगर आयुक्त नरेंद्र कुमार।

शुक्रवार को नगर निगम में सम्पत्तिकर प्रॉपर्टी आईडी का कार्य कर रहे अधिकारियो व कर्मचारियो के साथ आयुक्त नरेंद्र कुमार ने समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान सम्पत्तिकर बकाया भुगतान एंव अदेय प्रमाण पत्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनो को बारिकी से देखा गया तथा निर्देश दिए गए कि आमजन से प्राप्त आवेदनो को लंबित न रखा जाए व बिना किसी ठोस कारण के आवेदन रिजेक्ट न किए जाएं। आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने कहा कि सम्पत्तिकर बकाया भुगतान एंव अदेय प्रमाण पत्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस कार्य की नियमित निगरानी एवं जांच भी की जाएगी। यदि किसी अधिकारी कर्मचारी द्वारा बिना उचित कारण के आवेदन वापस किया जाता है या कार्य में लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हरियाणा सरकार द्वारा संपत्तिकर बकाया पर ब्याज माफी योजना लागू की गई है जोकि वर्ष 2010-11 से 2024-25 तक के लंबित संपत्ति कर बकाया पर 100 फीसदी ब्याज माफी की यह विशेष छूट 30 जून 2026 तक प्रदान की जा रही है, यह छूट उन सम्पत्तिधारको को दी जाएगी जोकि 'सम्पत्तिकर का बकाया भुगतान और बेबाकी प्रमाणपत्र प्रबंधन पद्धति पोर्टल' पर अपनी सम्पत्ति की सूचना स्वत प्रमाणित करते है और निर्धारण वर्ष 2026-27 तक अपने कुल सम्पत्तिकर के बकाया का भुगतान करते है। इसके अतिरिक्त हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान वित्तवर्ष 2026-27 के सम्पत्तिकर पर भी दिनांक 31 जुलाई 2026 तक 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। करदाताओ से अपील है कि अंतिम तिथि का इंतजार न करें तथा अविलंब अपना बकाया संपत्तिकर जमा करवाकर इस विशेष छूट का अधिकतम लाभ उठाएं। समय पर कर जमा करवाकर, शहर को विकास की और गति देने में अपना सहयोग देवे।


**रोहतक।** पत्रकारों बातचीत करते क्लब प्रधान डॉ. एसएल वर्मा व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### रोटरी क्लब कल लगाएगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** रोटरी क्लब ऑफ रोहतक द्वारा सिविल रोड स्थित एक निजी होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि क्लब की ओर से 31 मई रविवार को मातूराम कम्युनिटी सेंटर गांधी कैंप में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। क्लब प्रधान डॉ. एसएल. वर्मा,ने बताया कि शिविर में शहर के विशेषज्ञ और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर 20 प्रकार की बीमारियों की जांच और ओपीडी सेवाएं देंगे। इसमें मेडिसिन, हृदय रोग, छाती एवं टीबी रोग, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, शिशु रोग, त्वचा रोग, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री रोग, आंख, ईएनटी, दंत रोग और फिजियोथेरेपी सहित कई विभाग शामिल रहेंगे। शिविर में मरीजों को दवाइयां और चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। एक्सरे, मेमोग्राफी और अल्ट्रासाउंड की सुविधा नरूला लैबोरेटरी में मुफ्त उपलब्ध करवाई जाएगी। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर मुख्य अतिथि होंगे।